वर्ष : 07 ■ अंक : डिजिटल ■ पृष्ठ : 08 ■ मूल्य : 03 रुपए
जयपुर, शुक्रवार, 16 सितंबर, 2022
RNI.NO. RAJHIN/2015/66828
कंट्री विजन
खबरों का नया नज़रिया
countryvisionnews@gmail.com
@ PoliticalDramaNews @ PoliticalDramaNews @ PoliticalDramaNews @ PoliticalDramaNews

'राजभाषा संदर्शिका 2021-22 ' का किया विमोचन

सुनील/कंट्री विजन/झुंझुनूं

जिले की शिक्षा नगरी पिलानी स्थित सीएस आईआर - केन्द्रीय इलेक्ट्रॉनिक अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान(सीरी), पिलानी में आयोजित हिंदी सप्ताह का समापन 14 सितंबर 2022 को हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह के साथ हुआ। पुरस्कार वितरण समारोह में संस्थान के निदेशक डॉ पंचारिया ने हिंदी प्रतियोगिताओं के सभी विजेताओं को पुरस्कृत किया। संस्थान में लागू राजभाषा प्रोत्साहन योजनाओं के अंतर्गत भी सहकर्मियों को पुरस्कृत किया गया। हिंदी में सर्वाधिक एवं विशिष्ट कार्य करने वाले प्रशासनिक, तकनीकी एवं वैज्ञानिक अनुभागों/प्रभागों को राजभाषा चल वैजयंती प्रदान की गई। प्रशासनिक वर्ग में वित्त एवं लेखा अनुभाग तथा तकनीकी वर्ग में ज्ञान संसाधन केंद्र तथा वैज्ञानिक वर्ग में पीएमईब्रीडी प्रभाग को राजभाषा चल वैजयंती प्रदान की गई।

इस अवसर पर डॉ पंचारिया एवं डॉ कर्माकर ने राजभाषा प्रकोष्ठ द्वारा संस्थान के राजभाषा कार्यकलापों से संबंधित पत्रिका ÷राजभाषा संदर्शिका 2021-22÷ विमोचन भी किया। गतवर्ष केंद्रीय हिंदी प्रशिक्षण संस्थान, नई दिल्ली के भाषा शिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत हिंदी प्रबोध परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले सहकर्मियों को भी प्रमाणपत्र वितरित किए गए। संस्थान के निदेशक डॉ पी सी पंचारिया ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में स्वतंत्रता संग्राम में हिंदी की भूमिका और इसके योगदान की चर्चा की।